हरिभूमि
हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, बुधवार 9 सितंबर 2026

12 अग्रोहा टीले की खुदाई बंद होने पर वैश्य समाज के…

12 आर्य समाज की गतिविधियां नई पीढ़ी में संस्कार…

खबर संक्षेप

बरवाला बाइपास पर मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

बरवाला। हिसार मार्ग बरवाला बाईपास के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। पुलिस ने सूचना पाते ही मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर शव की शिनाख्त के लिए 72 घंटे के लिए अग्रोहा मेडिकल के शव गृह में रखवा दिया गया है। सीन ऑफ क्राइम टीम ने भी मौके पर पहुंचकर अपनी कार्रवाई की। जांच अधिकारी एस.आई. कृष्ण कुमार ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 45 वर्ष है और उसके मुंह और सिर पर चोट के निशान हैं तथा दाहिने हाथ में फूल का टैटू छपा हुआ है। मृतक सफेद रंग की शर्ट व बनियान और नीली जींस पहने हुए हैं। मृतक के शव की अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई है।

स्वाइन फ्लू के 7 नए केस सामने आए

हिसार। जिले में स्वाइन फ्लू का खतरा तेजी से पांव पसार रहा है। मंगलवार को एक चिकित्सक, दो बच्चों और बुजुर्गों समेत 7 नए स्वाइन फ्लू मरीज सामने आए हैं। शहर के निजी अस्पतालों में इनका इलाज चल रहा है। इस साल कुल संक्रमितों की संख्या 55 तक पहुंच गई है, जबकि एक महिला मरीज की मौत हो चुकी है।

सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 13 को

हिसार। लड़के और लड़कियों की जिला ओपन सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन 13 सितम्बर को हिसार के पाबड़ा गांव के जेबीटी ग्राउंड में किया जाएगा। एथलेटिक्स हिसार के सचिव मनोज कड़वासरा एवं एथलेटिक्स हिसार खेल मीडिया प्रभारी प्रदीप कनोह ने बताया कि प्रतियोगिता में 18 वर्ष से कम आयु के खिलाड़ी भाग नहीं ले सकेंगे। सभी एथलीट प्रतिभागियों को अपने ओरिजिनल दस्तावेजों के साथ कॉल रूम में रिपोर्ट करना अनिवार्य होगा। इस प्रतियोगिता के दौरान जिला की टीम का 13वीं हरियाणा ओपन सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए किया जाएगा जिसका आयोजन नरवाना के नवदीप स्टेडियम में किया जाएगा।

जनगणना की तैयारियों को लेकर बैठक आज

हांसी। आगामी जनगणना को व्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रशासन ने तैयारियों को गति दे दी है। जनगणना कार्यों की पूर्व तैयारियों, अब तक की प्रगति तथा विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए 9 सितंबर 2026 को हांसी में एक महत्वपूर्ण अवलोकन बैठक आयोजित की जाएगी। यह बैठक सुबह पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस, हांसी में आयोजित होगी। बैठक में जनसंख्या गणना से संबंधित दिशा-निर्देश, गणना की कार्यप्रणाली, प्रशिक्षण व्यवस्था, क्षेत्रवार जिम्मेदारियों के निर्धारण तथा गणना के दौरान आवश्यक प्रशासनिक एवं तकनीकी व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

राष्ट्रीय लोक अदालत 12 सितंबर को

हिसार। हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के तहत आगामी 12 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। इसमें विभिन्न प्रकार के लंबित मामलों का आपसी सहमति और समझौते के आधार पर निपटारा किया जाएगा। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव अशोक कुमार ने बताया कि लोगों के लंबित मामलों का निपटारा करने के लिए 12 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में वैवाहिक, पारिवारिक विवाद, आपराधिक मामले, भूमि अधिग्रहण, श्रम विवाद, बैंक रिकवरी मामले, बिजली मामले, पेंशन मामले, हाउस टैक्स सहित विभिन्न प्रकार के लंबित विवादों का आपसी सहमति से समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

न्यू मॉडल टाउन में कलह के बाद सालों पर फायरिंग, बाल-बाल बचे

पत्नी के 40 तोले सोने के जेवर छीनने का भी आरोप, पुलिस ने शुरू की मामले की छानबीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶हांसी

न्यू मॉडल टाउन में मंगलवार सुबह घरेलू कलह के चलते उस समय हड़कंप मच गया, जब नशे की लत में धुत एक व्यक्ति ने अपने ही दो सालों पर पिस्तौल से फायरिंग कर दी। गनीमत रही कि गोली मिस होने और मुस्तैदी के चलते दोनों भाई बाल-बाल बच गए। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी अपने भाई के साथ मौके से रफूचक्कर हो गया। सूचना मिलते ही शहर थाना पुलिस व फोरेंसिक टीम ने मौका-ए-वारदात पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए और मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है। खरक पूनिया निवासी जसबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बहन सरोज की शादी 16 साल पहले बास गांव निवासी बारू से हुई थी। बारू नशे का आदी है और रोज सरोज को पीटता है। मंगलवार सुबह सरोज ने रोते हुए फोन कर बताया कि पति ने उसे बुरी तरह पीटा है और घर में रखे करीब 40 तोले सोने के गहने लेकर भाग रहा है। सूचना मिलते ही जसबीर अपने भाई मंदीप को साथ लेकर बहन की मदद के लिए न्यू मॉडल टाउन पहुंचा।

आरोपी द्वारा तोड़ी गई अलमारी को दिखाता सरोज का भाई मंदीप।

भाला लेकर खड़े थे आरोपी, छीना-झपटी में चली गोली

जसबीर के मुताबिक जब वे घर के मुख्य गेट पर पहुंचे तो आरोपी बारू अपने भाई नरेश के साथ हाथ में भाला लिए खड़ा था। दोनों ने उन्हें घर के भीतर दाखिल नहीं होने दिया, जिसके बाद दोनों पक्षों में धक्का-मुक्की और छीना-झपटी शुरू हो गई। इसी बीच बारू ने अचानक जेब से पिस्तौल निकाली और सीधे फायरिंग कर दी। एक गोली मिस हो गई। जब उसने दोबारा फायर करने की कोशिश की तो दोनों भाइयों ने सूझबूझ दिखाते हुए उसका हाथ दबोच लिया। इसके बाद आरोपी धक्का देकर मौके से फरार हो गए।

हांसी। हादसे के बाद मौके पर जांच तथा जसबीर के बयान दर्ज करती पुलिस।

एक घंटे बाद ही दबोचे आरोपी, अवैध पिस्टल और 7 कारतूस बरामद

इधर, न्यू मॉडल टाउन में पारिवारिक विवाद में हुई फायरिंग की वारदात के बाद हांसी सीआईए टीम ने महज एक घंटे के भीतर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मुख्य आरोपी बारू व उसके भाई नरेश के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी बारू के कब्जे से 32 बोर की पिस्टल और सात जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। डीएसपी अक्षय कुमार ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब 10:30 बजे न्यू मॉडल टाउन हांसी में पारिवारिक विवाद को लेकर आरोपी पक्ष और शिकायतकर्ता पक्ष के बीच कहासुनी हो गई। इसी दौरान आरोपी बारू ने शिकायतकर्ता को जान से मारने की नीयत से कथित तौर पर अवैध हथियार से फायर कर दिया। इसके बाद उसने दोबारा गोली चलाने का प्रयास किया, लेकिन हथियार से फायर नहीं हुआ। वारदात के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। फायरिंग की सूचना मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। सीन ऑफ क्राइम टीम ने मौके से आवश्यक साक्ष्य जुटाए। घटनास्थल से एक खाली खोल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया, जिन्हें पुलिस ने कब्जे में लेकर जांच के लिए सुरक्षित किया।

हिसार। अवैध कॉलोनी में निर्माणाधीन मकान ध्वस्त करती जेसीबी। *फोटो : हरिभूमि*

अवैध कॉलोनियों में चला पीला पंजा, सड़कें उखाड़ीं, नींव तोड़ीं

- अग्रोहा-भूना रोड पर पांच घंटे चला अभियान, कॉलोनाइजरों में मचा हड़कंप
- अग्रसेन व गणेश कॉलोनी समेत कई जगहों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶हिसार

अग्रोहा में नियमों को ताक पर रखकर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों पर मंगलवार को जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) विभाग ने शिकंजा कस दिया। विभाग की टीम ने अग्रोहा-भूना रोड पर स्थित अग्रसेन कॉलोनी, गणेश कॉलोनी सहित अन्य अवैध कॉलोनियों में करीब पांच घंटे तक अभियान चलाकर अवैध विकास कार्यों को ध्वस्त कर दिया। जेसीबी के जरिए कॉलोनियों में तैयार किए गए सड़क नेटवर्क को उखाड़ दिया गया, जबकि प्लॉटों में भरी गई नींव को भी ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान डीटीपी विभाग की टीम ने अवैध रूप से विकसित किए जा रहे क्षेत्रों को निशाने पर लिया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं एसडीओ माणिक की मौजूदगी में जिला नगर योजनाकार अधिकारी दिनेश कुमार और जेई हरि मोहन के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। जेसीबी की कार्रवाई शुरू होते ही अवैध कॉलोनी विकसित करने वालों में हड़कंप मच गया।

जारी रहेगा अभियान

डीटीपी दिनेश कुमार ने कहा कि लोग अपनी जीवनभर की मेहनत की कमाई अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदकर जोखिम में न डालें। उन्होंने कहा कि किसी भी कॉलोनी में प्लॉट अथवा भवन खरीदने से पहले उसकी वैधता की पूरी जानकारी लेना बेहद जरूरी है। संबंधित कॉलोनी वैध है या नहीं, इसकी जानकारी जिला नगर योजनाकार विभाग के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अग्रोहा क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ विभाग का अभियान आगे भी जारी रहेगा। नियमों की अनदेखी कर कॉलोनी विकसित करने अथवा वहां निर्माण करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अवैध निर्माण पाए जाने पर उसे ध्वस्त भी किया जा सकता है।

34वें दिन बदला मिजाज, हड़ताली कर्मचारियों की 'गांधीगिरी'

सफाई कर्मचारियों के आगे जोड़े हाथ दो और बर्खास्त, कुछ काम पर लौटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶हिसार

नगर निगम कर्मचारियों की बेमियादी हड़ताल मंगलवार को 34वें दिन में प्रवेश कर गई है। प्रशासन की लगातार बढ़ती सख्ती और पुलिसिया कार्रवाई के बीच प्रदर्शनकारियों के तेवर अब बदलते नजर आ रहे हैं। कल तक सरकारी वाहनों में तोड़फोड़, मारपीट और झाड़ू छीनकर हंगामा करने वाले हड़ताली कर्मचारी अब 'गांधीगिरी' की राह पर उतर आए हैं। अब तक 9 पर गिरी गाज हड़ताल से निपटने के लिए निगम प्रशासन कड़े फैसले ले रहा है। सूत्रों के अनुसार, दो और कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। इससे पहले नगरपालिका कर्मचारी संघ के प्रधान सुरेंद्र समेत 7 कर्मचारियों को पहले ही बर्खास्त किया जा चुका है। इसी बीच हड़ताली में शामिल एचकेआरएन के तहत कार्यरत कुछ ट्रिपर चालक काम पर वापस लौट आए हैं। पुलिस सुरक्षा के बीच शहर में हुई डोर-टू-डोर कचरा लिफ्टिंग शहर की आबोहवा और सफाई व्यवस्था बहाल करने के लिए प्रशासन ने पुलिस बल के साए में अभियान तेज कर दिया है। मंगलवार को जोन-1 तथा जोन-2 में 48 गाड़ियों ने डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन किया।

महिला पुलिस कर्मचारियों ने हटाने का प्रयास किया तो हुई तीखी बहस

मंगलवार को जब नगर निगम की टीम पुलिस सुरक्षा के बीच राजगुरु मार्केट में सफाई अभियान चलाने पहुंची, तो हड़ताली कर्मचारी भी वहां जमा हो गए। हालांकि, इस बार वे उग्र होने के बजाय काम में जुटे ठेकेदार के कर्मचारियों के आगे हाथ जोड़कर सफाई न करने की गुहार लगाते दिखे। इस दौरान जब महिला पुलिसकर्मियों ने उन्हें हटाने का प्रयास किया, तो हड़ताली महिलाओं की पुलिस के साथ तीखी बहस हो गई। वहीं दूसरी ओर, सूर्यनगर में भी कर्मचारियों ने विरोध जताने की कोशिश की, जिसे पुलिस ने नाकाम कर दिया।

आज धरने पर मनाएंगे बलिदानी सफाई कर्मचारियों की शोक सभा

नारनौंद। नगरपालिका व अग्निशमन कर्मचारी 34वे दिन भी हड़ताल जारी रही। हड़ताल की अध्यक्षता मंसाराम व मंच का संचालन नरेश कुमार ने किया। बुधवार को धरने पर बलिदानियों की शोक सभा आयोजित की जाएगी। विकलांग अधिकार मंच से सूबे सिंह लोहान ने कहा कर्मचारियों की मांग जायज है और सरकार को उनको मानना चाहिए। बिजली निगम से सचिव सत्यवान रंगा ने कहा बिजली बोर्ड का एक-एक कर्मचारी इस आंदोलन में आपके साथ खड़ा है। ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन ने नगर पालिका व फायर के कर्मचारियों को आर्थिक सहयोग दिया और आश्वासन दिया कि आगे भी हम सहयोग करते रहेंगे। बिजली निगम कर्मचारी यूनियन के प्रधान रामदिया शर्मा ने कहा कि जब तक सरकार 13 मई के समझौते के परिपत्र जारी नहीं करती तब तक हड़ताल जारी रहेगी। 10 से 12 सितम्बर की धरने पर जन पंचायत की जाएगी और सामाजिक संगठन, किसान संगठन तमाम संगठनों के साथी इससे हिस्सा लेंगे।

तिलकब्रिज-सिरसा रेलसेवा में थर्ड एसी इकोनॉमी कोच की अस्थायी बढ़ोतरी

हिसार। अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए रेलवे ने तिलकब्रिज-सिरसा-तिलकब्रिज रेलसेवा में यात्रियों को राहत देने के लिए एक थर्ड एसी इकोनॉमी कोच की अस्थाई बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया है। इससे इस रेलसेवा में यात्रा करने वाले यात्रियों को अतिरिक्त सीटें उपलब्ध हो सकेंगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाड़ी संख्या 15307/15308 तिलकब्रिज-सिरसा-तिलकब्रिज रेलसेवा में तिलकब्रिज से 15 सितंबर 2026 से 30 नवंबर 2026 तक तथा सिरसा से 16 सितंबर से एक दिसंबर तक एक थर्ड एसी इकोनॉमी डिब्बे की अस्थाई बढ़ोतरी की जाएगी। रेलवे के इस निर्णय से त्योहारी एवं बढ़ते यात्री सीजन के दौरान यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा मिलने की उम्मीद है।

हिसार-तिरुपति ट्रेन अब एलएचबी रैक से होगी संचालित

हिसार। यात्रियों की सुविधा और रेल यात्रा को अधिक आरामदायक बनाने के उद्देश्य से रेलवे ने हिसार-तिरुपति-हिसार रेलसेवा को एलएचबी रैक से संचालित करने का निर्णय लिया है। नई व्यवस्था के तहत गाड़ी संख्या 14723/14724 हिसार-तिरुपति-हिसार रेलसेवा हिसार से 3 अक्टूबर से तथा तिरुपति से 5 अक्टूबर से एलएचबी रैक के साथ संचालित होगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार एलएचबी रैक में यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कुल 22 डिब्बे होंगे। इनमें 2 सेकंड एसी, 7 थर्ड एसी, 7 द्वितीय शयनयान, 4 साधारण श्रेणी तथा 2 पावरकार श्रेणी के डिब्बे शामिल हैं। रेलवे के अनुसार एलएचबी कोच आधुनिक तकनीक से निर्मित होते हैं और इनमें यात्रियों की सुविधा के साथ-साथ यात्रा के दौरान सुरक्षा मानकों का भी विशेष ध्यान रखा जाता है।

स्कार्पियो सवारों ने गाड़ी रुकवाकर तीन व्यापारियों से की मारपीट, मोबाइल छीने

भिवानी-लोहारू रोड पर सुनसान जगह ले जाकर छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶हांसी

राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित गांव ढाणा कलां के समीप सोमवार देर रात खुद को गो-रक्षक दल का सदस्य बताने वाले स्कार्पियो सवार लोगों पर भैंस व्यापारियों को अगवा करने, मारपीट करने और उनकी आइशर में लदी 6 भैंस व 6 बच्चों समेत 12 पशु ले जाने का आरोप लगा है। आरोपितों ने कथित तौर पर व्यापारियों के मोबाइल फोन भी छीन लिए और तीनों को भिवानी-लोहारू रोड पर सुनसान स्थान पर छोड़कर पुलिस को सूचना देने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस को दी शिकायत में उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद निवासी संजय ने बताया कि वह भैंसों का व्यापार करता है। वह अपने पार्टनर वसीम और चालक बलकर्ण सिंह के साथ राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले के गांव रोडावाली, हनुमानगढ़ से 6 भैंस और उनके 6 बच्चों को कैंटर में लादकर गाजियाबाद जा रहा था। शिकायत के मुताबिक रात करीब साढ़े 12 बजे गांव ढाणा कलां के पास पीछे से आई काले रंग की स्कार्पियो ने आइशर के आगे गाड़ी लगाकर रास्ता रोक लिया। आरोप है कि स्कार्पियो से 3-4 युवक डंडे लेकर उतरे और खुद को गो-रक्षक दल का सदस्य बताते हुए गाड़ी की जांच करने लगे। इसके बाद आरोपितों ने आधार कार्ड दिखाने को कहा। संजय के अनुसार आधार कार्ड मोबाइल में होने की बात कहने पर आरोपितों ने मोबाइल मांगे और कथित तौर पर उसके व चालक के मोबाइल छीन लिए। इसके बाद वसीम को भी आइशर से नीचे उतार लिया गया। आरोप है कि तीनों व्यापारियों ने विरोध किया तो उनके साथ थप्पड़-मुक्कों से मारपीट की गई और जबरन स्कार्पियो में बैठा लिया गया।

गाड़ी में 6 भैंसों समेत 12 पशु ले जाने का आरोप

जान से मारने की धमकी दी

ये लगाए आरोप

आरोप है कि तीन युवक आइशर में बैठकर 6 भैंसों और उनके 6 बच्चों समेत वाहन को अपने साथ ले गए, जबकि स्कार्पियो में सवार लोग तीनों व्यापारियों को भिवानी की तरफ ले गए। भिवानी-लोहारू रोड पर बालाजी कॉलेज के पास सुनसान जगह पर राजबाहे के नजदीक तीनों को छोड़ कर मौके से फरार हो गए।

डायल 112 पर दी सूचना

व्यापारियों का आरोप है कि वहां उन्हें धमकी दी गई कि पुलिस या किसी अन्य व्यक्ति को घटना के बारे में बताया तो जान से मार दिया जाएगा। आरोपित इसके बाद स्कार्पियो में सवार होकर फरार हो गए। पीड़ितों ने अपनी आइशर को चेक किया तो उसमें भैंस और उनके बच्चे नहीं मिले। गाड़ी की चाबी कैबिन में लगी हुई थी, जबकि सीट के नीचे वसीम का मोबाइल फोन मिल गया। इसी फोन से उन्होंने डायल-112 पर पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद डायल -112 और पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तीनों को सदर थाना ले आई।

पुलिस ने शुरू की जांच

पुलिस ने संजय की शिकायत पर अज्ञात स्कार्पियो चालक और अन्य आरोपितों के खिलाफ अपहरण, लूट, मारपीट और जान से मारने की धमकी समेत संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस घटनास्थल की जांच करने के साथ आरोपितों की पहचान, पशुओं और मोबाइल फोन की बरामदगी के प्रयास कर रही है।

रोडवेज में अव्यवस्था | 41 चालक फायर ब्रिगेड में ड्यूटी पर, कुछ दफ्तरों में तैनात, दर्जनों रूट हो रहे प्रभावित

गावड़-गोरछी में ओवरलोड बस रोककर ग्रामीणों ने जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶हिसार

हिसार रोडवेज डिपो में स्टाफ की कमी और ड्यूटी व्यवस्था को लेकर उठ रहे सवालों का असर अब यात्री सुविधाओं पर साफ दिखाई देने लगा है। आरोप है कि अधिकारियों की कार्यप्रणाली और अव्यवस्थित स्टाफ तैनाती के चलते रोजाना एक दर्जन से अधिक रूट बसों और स्टाफ के अभाव में प्रभावित हो रहे हैं। चंडीगढ़, दिल्ली और पानीपत जैसे लंबे रूटों के साथ-साथ कई लोकल रूटों की बस सेवाएं भी आए दिन बंद हो रही हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में बसों की कमी को लेकर लोगों का गुस्सा अब विरोध प्रदर्शन और सड़क जाम तक पहुंचने लगा है। डिपो में पहले से ही चालकों की कमी बनी हुई है। फायर ब्रिगेड की हड़ताल के चलते 41 चालक वहां ड्यूटी पर भेजे गए हैं, जिससे रोडवेज के बस संचालन पर अतिरिक्त दबाव पड़ा है। कर्मचारियों का आरोप है कि उपलब्ध स्टाफ का भी सही तरीके से इस्तेमाल नहीं किया जा रहा। आरोप है कि जिन कार्यालयों में निरीक्षक और उप निरीक्षक स्तर के कर्मचारियों को काम करना चाहिए, वहां चालकों और परिचालकों को कार्यालयों में बैठाकर बाबूगिरी कराई जा रही है। इससे रूटों पर बस संचालन के लिए स्टाफ की कमी और गहरा रही है।

हिसार। बस रोक कर प्रदर्शन करते गावड़-गोरछी के ग्रामीण। *फोटो : हरिभूमि*

उठ रहे सवाल

रोडवेज की व्यवस्था पर उठ रहे सवालों के बीच गावड़ और गोरछी गांवों के यात्रियों की परेशानी इसका एक उदाहरण बनकर सामने आई है। ग्रामीणों का कहना है कि बस का रूट बदल दिए जाने के बाद बस पीछे से ही यात्रियों से ओवरलोड होकर आती है। जब तक बस गावड़ और गोरछी पहुंचती है, तब तक उसमें पैर रखने तक की जगह नहीं बचती। ऐसे में बस स्टेंड पर खड़े स्कूली और कॉलेज विद्यार्थियों सहित आम यात्रियों को बस में जगह नहीं मिल पाती और उन्हें वहीं खड़ा रहकर अगली बस का इंतजार करना पड़ता है। ग्रामीणों के मुताबिक, रोजाना बस से सफर करने वाले विद्यार्थियों और अन्य यात्रियों को इस समस्या के कारण काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। बस में जगह नहीं मिलने से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, वहीं नौकरी और जरूरी कामों के लिए आने-जाने वाले लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्टाफ की सही तैनाती होगी : टीएम

स्टाफ की सही तैनाती न होने व बस सेवाएं प्रभावित होने बारे यातायात प्रबंधक प्रीतम कुमार का कहना है कि कार्यालयों में बैठे स्टाफ का पूरा ब्यौरा लेकर महाप्रबंधक को अवगत करवाया जाएगा और यदि गैर जरूरी स्टाफ कार्यालयों में है तो उनको रूटों पर लगाया जाएगा। उन्होंने माना कि 41 चालक फायर ब्रिगेड में जाने व अन्य कारणों से व्यवस्था पर असर पड़ा है लेकिन इसका समाधान निकाला जाएगा। मुख्यालय ने भी हाल ही में पत्र जारी करके दूसरे विभागों में गए चालकों को वापिस बुलाने के निर्देश दिए हैं, उससे भी हमें राहत मिलेगी। गोरछी गावड़ सहित अन्य क्षेत्रों की बस सेवाएं प्रभावित होने बारे उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास हर रूट पर बस सेवा का संचालन करना रहेगा।

समस्या को गंभीरता से लेने की जरूरत

मंगलवार को समस्या का समाधान नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने गोरछी बस स्टैंड पर रोडवेज की बस रोककर विरोध प्रदर्शन किया। सूचना मिलने पर पगड़ी संभाल जट्टा किसान संगठन के राज्य कमेटी सदस्य अनिल गोरछी मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों, टीएम और पुलिस प्रशासन से भी बात की और ग्रामीणों को समझाकरबस को आगे जाने दिया गया। पगड़ी संभाल जट्टा किसान संगठन के राज्य कमेटी सदस्य अनिल गोरछी और विकास मुंदलिया ने कहा कि गावड़ और गोरछी के यात्रियों की समस्या को गंभीरता से लेने की जरूरत है।

राह चलती महिला से बालियां झपटने का आरोपी गिरफ्तार

हिसार। राह चलती महिला से कानों की बालियां झपटने के मामले में अर्बन एस्टेट थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान करनाल के फफड़ाना निवासी बिजेन्द्र के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। पुलिस के अनुसार महालक्ष्मी मार्केट, डाबड़ा चौक निवासी सीमा ने शिकायत दी थी कि वह छह बजे वह घर से निकलकर चावला अस्पताल के पीछे मॉडल टाउन पार्क के पास पहुंची थी। इसी दौरान मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने उसे रोक लिया। पीछे बैठे युवक ने उसका मुंह दबाकर जमीन पर गिरा दिया और जबरन कानों की बालियां निकालकर दोनों मौके से फरार हो गए।शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच करते हुए पीएसआई विनोद सांगवान ने गुप्त सूचना और तकनीकी सहायता के आधार पर आरोपी बिजेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। जांच अधिकारी पीएसआई विनोद सांगवान ने बताया कि आरोपी को दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान उससे वारदात में छीने गए सोने के आभूषण, इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल तथा उसके दूसरे साथी के बारे में पूछताछ की जाएगी।

किंग के सेट से लीक हुई अभिषेक-रानी की तस्वीर

मुंबई। शाहरुख खान की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'किंग' के सेट से अभिषेक बच्चन और रानी मुखर्जी की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें दोनों कलाकार एक साथ नजर आ रहे हैं। वायरल हो रही इस तस्वीर में रानी मुखर्जी काले रंग की बॉर्डर वाली साड़ी में बेहद सादगी भरे अंदाज में दिख रही हैं। उन्होंने अपने बालों को वेवी लुक दिया है और माथे पर काली बिंदी लगाई है। वहीं, उनके बगल में खड़े अभिषेक बच्चन ग्रे शेड की दाढ़ी, काले चश्मे और सूट में नजर आ रहे हैं। अभिषेक बच्चन और रानी मुखर्जी की जोड़ी बॉलीवुड की सबसे सफल और लोकप्रिय जोड़ियों में से एक रही है।

लाइफ Style

क्रिस्टल

खराब हिंदी की वजह से छोड़ना पड़ा था पहला शो

ओटीटी के अमेजन प्राइम विडियो पर स्ट्रीम हो रहे ट्रेटर 2 ने दर्शकों का दिल जीत लिया है। इसकी विनर रही क्रिस्टल डिसूजा आज टीवी इंड्रस्टी की शानदार एक्ट्रेस में से एक है। हाल ही में क्रिस्टल ने ट्रेटर्स 2 की ट्रॉफी को अपने नाम किया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक्ट्रेस ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत ' कहे ना कहे' से की थी। जिसके बाद स्टार पल्स के फेमस शो ' एक हजारों में मेरी बहना है' के किरदार जीविका सिंह वढेरा से उन्हें घर - घर में पहचान मिली थी। लेकिन, इस शो से पहले उन्हें टीवी इंडस्ट्री की क्वीन एकता कपूर ने 8 महीने में ही उनके डेब्यू शो से बाहर का रास्ता दिखा दिया था। क्रिस्टल ने आगे कहा कि आज भले ही हम बेस्ट फ्रेंड्स हैं, लेकिन साल 2007 में जब उन्होंने एकता कपूर के सीरियल 'कहे ना कहे' में डेब्यू किया था, तो उनकी हिंदी बहुत खराब थी, जिसकी वजह से मुझे सीरियल से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया था। एकता कपूर शो की प्रोड्यूसर थीं, कभी-कभी मुझे पिज्जा खिलाते हुए कहती थीं कि तुम्हें पता है हम साथ में कुछ अच्छा करेंगे। मैं समझ गई थी कि मैं शो में अच्छा नहीं कर पा रही हूं। खैर, उन्होंने मुझे एक्टिंग में मौका दिया, जिसके बारे में उनका कोई विजन रहा होगा। जिसके बाद उन्हें रिप्लेस करके वासना अहमद को शो में कास्ट किया गया। हालांकि, क्रिस्टल ने हार नहीं मानी और वह आमिर अली के साथ सीरियल 'क्या दिल में है' में नजर आईं। बता दें कि 'द ट्रेटर्स' सीजन 2 का प्रीमियर 13 अगस्त को ओटीटी के प्लैटफार्म अमेजन प्राइम वीडियो पर हो रहा था।

हॉलीवुड मसाला

माइकल में आवाज के कायल हुए लोग

नई दिल्ली। 'किंग ऑफ पॉप' माइकल जैक्सन की बायोपिक 'माइकल' ने दुनियाभर में धूम मचा दी। फिल्म में माइकल जैक्सन के भतीजे जाफर जैक्सन ने लीड रोल प्ले किया है। जबकि हिंदी डब वर्जन में उन्हें आवाज दी है केतन कावा ने। जब से फल्मि की डजिटिल स्ट्रीमगि शुरू हुई है, केतन चर्चा में हैं। 15 साल की उम्र में डबिंग शुरू करने वाले केतन कावा के लिए ये अब तक के सबसे चुनौतीपूर्ण किरदारों में से एक रहा, क्योंकि उन्हें सिर्फ आवाज मैच नहीं करनी थी, बल्कि हर सीन की इमोशन्स और किरदार के अलग-अलग शेड्स को भी आवाज में उतारना था।

बीमारी को लेकर शर्म महसूस करने लगे थे

लॉस एंजिल्स। जेनिफर एनिस्टन के बॉयफ्रेंड जिम कर्टिस ने लाइफ के उस दौर की कहानी खुलकर सुनाई है, जब 20 साल की उम्र में उन्हें गंभीर बीमारी से गुजरना पड़ा। उन्होंने न्यूयॉर्क में हुए एक कार्यक्रम के दौरान अपनी सेहत को लेकर गंभीर हालात को बयान किया, जिसे लेकर वो कभी शर्म महसूस करने लगे थे। उन्होंने उस दौर को जीवन का सबसे मुश्किल वक्त बताया। उन्होंने बताया कि एक रात उन्हें अस्पताल के इमर्जेंसी रूम में भर्ती होना पड़ा और वहां उन्होंने इंटरनेट पर जब अपनी बीमारी के बारे में पढ़ना शुरू किया तो उनका डर बढ़ने लगा। बाद में वे लोगों को असली स्थिति बताने में शर्म महसूस करते और कहते कि उनका बाइक एक्सिडेंट हुआ है। जेनिफर एनिस्टन 2025 से लाइफ कोच और हिप्नोटिस्ट जिम कर्टिस के साथ रिलेशनशिप में हैं।

शक: ट्रस्ट नो... से ओटीटी पर रख रहीं कदम

नई दिल्ली। 'शक: ट्रस्ट नो वन' से ओटीटी पर कदम रख रही हैं परिणीति चोपड़ा। सीरीज में वो एक ऐसी मां के रोल में हैं, जो 9 साल से अपने लापता बच्चे को ढूंढ रही है। 'शक: ट्रस्ट नो वन' का पहला लुक और रिलीज डेट सामने आ चुकी है। ये सीरीज 24 सितंबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस मिस्ट्री थ्रिलर सीरीज की कहानी एक ऐसी मां के इर्द-गिर्द घूमती है, जो पिछले 9 सालों से अपने लापता बच्चे को ढूंढने की कोशिश कर रही है। इस थ्रिलर सीरीज में परिणीति चोपड़ा एक ऐसी मां के किरदार में दिखेंगी जो हर मुश्किल का सामना करते हुए सच तक पहुंचने की कोशिश करती है। अपने बच्चे को तलाशते हुए वो धीरे-धीरे अपनों के ही बनाए जाले, गहरे राजों और धोखों में उलझती चली जाती हैं।

अक्षय-सैफ की फिल्म को मिली मंजूरी

मुंबई। निर्देशक प्रियदर्शन की आगामी साइको-थ्रिलर फिल्म 'हैवान' को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड से हरी झंडी मिल गई है। अक्षय कुमार और सैफ अली खान अभिनीत यह फिल्म अपनी रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार है। सेंसर बोर्ड ने फिल्म की सामग्री की समीक्षा करने के बाद इसे 'यू/ए 16+' सर्टिफिकेट प्रदान किया है, जिसका अर्थ है कि 16 वर्ष से अधिक आयु के दर्शक इसे सिनेमाघरों में देख सकेंगे। हैवान की कुल अवधि 164 मिनट और 7 सेकंड यानी 2 घंटे 44 मिनट और 7 सेकंड तय की गई है। अक्षय कुमार और सैफ अली खान की जोड़ी लंबे समय के बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर रही है। इससे पहले इन दोनों अभिनेताओं को साल 2008 में आई फिल्म 'टशन' में एक साथ देखा गया था। दर्शक इन दोनों सितारों को एक बार फिर एक साथ स्क्रीन साझा करेंगे।

टीवी मसाला

बिग बॉस 20 : चंद मिनट में बाहर होने पर ट्रोल हुईं रिया

नई दिल्ली। रिया अहीर कम वोट्स के चलते 'बिग बॉस 20' के घर में दाखिल होने से पहले ही बाहर हो गईं। लेकिन, जैसे ही रिया शो से बाहर हुईं ट्रोल्स के निशाने पर आ गईं। कई ने तो इतने भद्दे कमेंट्स किए कि सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर करके रिया ने इन्हें करारा जवाब दिया है। होस्ट सलमान खान ने प्रीमियर एपिसोड में लव गिल और रिया अहीर को एक साथ स्टेज पर बुलाया और जनता के वोट के आधार पर लव गिल को घर के अंदर जाने का मौका मिला, जबकि रिया अहीर को बिग बॉस हाउस में जाने का मौका नहीं मिला, जिसके बाद रिया सोशल मीडिया पर ट्रोल्स के निशाने पर आ गई हैं। कई ने उन पर अपमानजनक टिप्पणी की, जिसका स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए रिया अहीर ने ट्रोल्स को करारा जवाब दिया है। रिया अहीर ने '140 रुपए' सहित अन्य अपमानजनक टिप्पणी का जवाब देते हुए कहा- 'कल रात को मैंने एक वीडियो डाला था कि आपके सपोर्ट का बहुत-बहुत धन्यवाद। अब मैं आपको उस सिक्के का दूसरा पहलू बताती हूं। इन्होंने पता नहीं 140 रुपए में ऐसा क्या खरीद लिया है कि मेरा रेट लगा रहे हैं। इन्हें लगता है जैसे मैंने इनकी थाली से कुछ छीन लिया है। इन्हें लग रहा है कि किसी को किन्नर कहकर ये बहुत महान काम कर रहे हैं। किन्नर हमारे समाज की बहुत मजबूत कम्यूनिटी है, तो मुझे नहीं लगता कि ये कोई गाली है, जैसा कि आपको लग रहा है।' रिया अहीर मुंबई की रहने वाली हैं और एक मॉडल, एक्ट्रेस और होस्ट हैं। वह थिएटर, कमर्शियल और म्यूजिक वीडियोज में काम कर चुकी हैं।

16 साल तक गोली बनकर जीता दर्शकों का दिल

नई दिल्ली। टीवी के पॉपुलर कॉमेडी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा'में गोली का किरदार निभाकर घर-घर पहचान बनाने वाले कुश शाह अब अपनी जिंदगी के एक नए पड़ाव पर पहुंच गए हैं। शो में लंबे समय तक गुलाब कुमार हाथी यानी गोली की भूमिका निभाने वाले कुश ने एक्टिंग से अलग अब डिजिटल दुनिया में कदम रखा है। पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने अपना यूट्यूब चैनल शुरू किया है, जहां वह अपने लिए बिल्कुल अलग तरह का कंटेंट तैयार कर रहे हैं। कुश शाह ने साल 2008 में शुरू हुए 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा'से अपने अभिनय सफर की शुरुआत की थी। वह शो के बच्चों के मशहूर ग्रुप 'टप्पू सेना'का अहम हिस्सा रहे। उनका गोली वाला अंदाज, खाने के प्रति प्यार और दोस्तों के साथ उनकी मस्ती दर्शकों को खूब पसंद आती थी। करीब 16 साल तक इस किरदार को निभाने के बाद कुश ने 2024 में शो को अलविदा कह दिया। कुश के शो छोड़ने की खबर ने उस समय फैंस को काफी भावुक कर दिया था। प्रोडक्शन कंपनी नीला टेलीफिल्म्स की ओर से जुलाई 2024 में उनके शो से अलग होने की जानकारी सामने आई थी।

आशा का आखिरी गाना 'ऐ मेरी जिंदगी, तू छुपी है कहां' रिलीज

नई दिल्ली। *भारतीय संगीत की दिग्गज गायिका आशा भोसले की 93वीं जयंती का दिन उनके चाहने वालों के लिए बेहद खास बन गया। इसी अवसर पर उनकी आखिरी फीचर फिल्म के लिए रिकॉर्ड किए गए गीत 'ऐ मेरी जिंदगी, तू छुपी है कहां' को रिलीज किया गया। यह गीत निर्देशक हरीश व्यास की फिल्म 'ओम का हरि' का हिस्सा है। फिल्म में रघुबीर यादव, सोनी राजदान और अंशुमन झा अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे। गीत के साथ फिल्म का म्यूजिक एल्बम भी लॉन्च किया गया, जिसने इस आयोजन को भावनात्मक और यादगार बना दिया।*

गीत की खास झलक

ओम का हरि' के म्यूजिक एल्बम की सबसे बड़ी खासियत आशा भोसले की आवाज में रिकॉर्ड किया गया यह गीत है। इसे उनकी फीचर फिल्मों के लिए रिकॉर्ड किए गए आखिरी गानों में शामिल किया जा रहा है। गाने का म्यूजिक वीडियो भी जारी किया गया है, जिसमें रिकॉर्डिंग के दौरान स्टूडियो में बिताए गए आशा भोसले के कुछ अनमोल पलों को दिखाया गया है। वीडियो के जरिए दर्शकों को यह देखने का मौका मिलेगा कि आशा भोसले ने फिल्म के इस गीत को किस तरह अपनी आवाज दी थी। उनकी आवाज और रिकॉर्डिंग स्टूडियो के इन पलों ने गाने को सिर्फ एक म्यूजिकल रिलीज न रहकर एक यादगार दस्तावेज जैसा बना दिया है।

18 सितंबर को सिनेमाघरों में आएगी 'ओम का हरि' : रघुबीर यादव, सोनी राजदान और अंशुमन झा जैसे कलाकारों से सजी 'ओम का हरि' अपनी कहानी और संगीत के जरिए दर्शकों तक एक अलग अनुभव पहुंचाने की तैयारी में है। फिल्म के म्यूजिक एल्बम में कई पीढ़ियों के कलाकारों की आवाजें शामिल होने से इसकी खासियत और बढ़ गई है। 'ओम का हरि' 18 सितंबर को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

कई पीढ़ियों के संगीत को एक साथ जोड़ता है एल्बम : 'ओम का हरि'का म्यूजिक एल्बम फिल्म की कहानी के साथ-साथ भारतीय संगीत की अलग-अलग पीढ़ियों की विरासत को भी जोड़ता है। एल्बम में दिवंगत महान गायक किशोर कुमार के बेटे अमित कुमार की आवाज में भी गीत शामिल हैं। इसके अलावा परेश पाहुजा ने भी इस फिल्म के लिए अपनी आवाज दी है। फिल्म के मुख्य कलाकार रघुबीर यादव ने भी एल्बम के लिए दो गाने गाए हैं। म्यूजिक लॉन्च के दौरान उन्होंने इन दोनों गीतों की लाइव प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को और खास बना दिया। उनकी परफॉर्मेंस को वहां मौजूद दर्शकों ने खूब सराहा।

हनुमान अंश का वो बुंदेली भजन, जिसमें छिपी है शिव-पार्वती की अनोखी कहानी

नई दिल्ली। *धार्मिक फिल्मों की बात करें तो इंडिया में बेहद पसंद किया जाता है। बॉलीवुड में कई फिल्में बनी हैं जो पौराणिक कथाओं पर आधारिक होती हैं। कई फिल्में बड़े बजट की होती हैं जिनके आने का इंतजार लोग लंबे समय तक करते हैं। लेकिन, कई फिल्में रिलीज के पहले तो नहीं लेकिन बाद में ऐसा कमाल करती हैं कि हर कोई हैरान हो जाता है। आज हम बात करेंगे 7 अगस्त को रिलीज हुई फिल्म हनुमान अंश की। 2 करोड़ बजट की इस फिल्म अपनी कहानी के साथ ही अपने भजनों को लेकर भी खूब चर्चा में है। खासकर इस फिल्म का एक बुंदेली लोक भजन, जिसमें शिव-पावर्ती के विवाह का वर्णन हो रहा है।*

2 करोड़ की फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर मचाया तहलका

'हनुमान अंश' की कामयाबी भी अपने आप में एक दिलचस्प कहानी है। फिल्म ने शुरुआत काफी धीमी की थी, लेकिन बाद के हफ्तों में इसकी कमाई ने रफ्तार पकड़ ली। 8 सितंबर तक फिल्म ने भारत में करीब 132.13 करोड़ रुपए नेट और 156.20 करोड़ रुपए ग्रॉस कमा लिए हैं। 31वें दिन ही फिल्म ने 22.75 करोड़ रुपए की नेट कमाई की थी।

सप्तऋषि पहुंचे थे पार्वती को समझाने

भजन की शुरुआत माता पार्वती की उसी जिद से होती है, जब वह भगवान शिव को अपना पति बनाने का फैसला कर चुकी हैं। उन्हें समझाने के लिए सप्तऋषि पहुंचते हैं और शिव के रूप-स्वरूप और उनके वैरागी जीवन का हवाला देते हुए पार्वती को अपना फैसला बदलने के लिए कहते हैं। गाने में इसी बातचीत को बुंदेली लोक अंदाज में पेश किया गया है।

पार्वती ने किया शिव से शादी का हठ

फिल्म 'हनुमान अंश' का बुंदेली लोक-भजन 'पार्वती' लोगों का ध्यान खींच रहा है। गाने के बोल हैं 'जब जिद पे आ गई पार्वती, पार्वती, पार्वती, समझाने पहुँचे सप्तऋषि,सप्तऋषि, सप्तऋषि' है। इस भजन में माता पार्वती के भगवान शिव को पति के रूप में पाने की जिद को बेहद ही देसी और बेहतरीन तरीके से पेश किया गया है। इस भजन की भाषा, इसके बोल, देसी साज और साधु तिवारी की आवाज ने इसे दूसरे भजनों से अलग और बेहद खास बना दिया है।

हैवान के साथ साउथ मूवीज की होगी टक्कर

10-11 सितंबर को थिएटर में होगा इन फिल्मों का धमाका

नई दिल्ली। *सितंबर का दूसरा हफ्ता सिने फैंस के लिए खास रहने वाला है। इस हफ्ते बॉक्स ऑफिस पर हिंदी, तमिल, तेलुगू समेत कई रीजनल भाषाओं की 11 फिल्में का धमाका होने वाला है। अक्षय कुमार की हैवान से लेकर साउथ की फिल्में कमाल करने वाली हैं। जानिए बॉक्स ऑफिस पर दस्तक देने वाली इन 11 फिल्मों के बारे में। तो इस बार थिएटर में एक्शन, थ्रिलर, रोमांस और ड्रामा का तड़का देखने को मिलेगा।*

डेमोंटे कॉलोनी 3 : ये श्राप पर आधारित तमिल हॉरर फिल्म है। इस फिल्म में सुपरनेचुरल शक्तिओं को दिखाया जाएगा। फिल्म 10 सितंबर को थिएटर में रिलीज हो रही है।

सरदार 2 : सरदार 2 नाम की फिल्म आ रही है। ये फिल्म स्पाई सरदार की है जो एक डेंजरस मिशन पर निकलता है। फिल्म 10 सितंबर को रिलीज हो रही है।

मंडाली : तमिल फिल्म मंडाली बोट रेसिंग की कहानी पर बेस्ड है। फिल्म में इमोशनल एंगल पर फॉक्स किया गया है। ये इक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है जो 10 सितंबर को रिलीज हो रही है।

मरेम्मा : मरेम्मा नाम की तेलुगू फिल्म एक पुराने नियमों और रीतिरिवाजों पर बेस्ड है। फिल्म 10 सितंबर को रिलीज हो रही है।

हैवान : अक्षय कुमार और सैफ अली खान की फिल्म हैवान बॉक्स ऑफिस पर दस्तक देने को तैयार है। प्रियदर्शन के डायरेक्शन में बनी फिल्म हैवान मलयालम फिल्म ओप्पम का हिंदी रीमेक है। ये फिल्म 11 सितंबर शुक्रवार को रिलीज हो रही है।

फाल्स 2: डेडपॉइंट : ये एक एडवेंचर बेस्ड फिल्म है। फिल्म में एक ऐसी स्थिति पैदा होती है जो किरदारों की मुश्किलें बढ़ा देती है। ये सर्वाइवल की कहानी है जो 11 सितंबर को रिलीज हो रही है।

अमेरिका अमेरिका 2 : ये एक कन्नड़ फिल्म है जिसके किरदारों का एक अतीत है। इमोशनल कहानी, रिलेशनशिप की परेशानियों को बयां करती ये फिल्म 11 सितंबर को रिलीज हो रही है।

नम्मा रेंज रोवर : कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री ने नम्मा रेंज रोवर नाम की क्राइम थ्रिलर फिल्म बनाई है। फिल्म की कहानी सस्पेंस से भरी है जो 11 सितंबर को रिलीज हो रही है।

एपिक : एपिक नाम की एक रोमांटिक एंटरटेनर फिल्म आ रही है। फिल्म में आनंद देवराकोंडा और वैष्णवी चैतन्या लीड रोल में हैं। फिल्म 11 सितंबर को रिलीज हो रही है।

सिंह/कौर 2 : पंजाबी फिल्म सिंह / कौर 2 आने वाली है। ये एक रोमांटिक फिल्म है जिसमें आगे फैमिली ड्रामा की वजह बुरी सिचुएशन पैदा हो जाती है।

रीयूनियन : रीयूनियन नाम की एक तमिल ड्रामा फिल्म इस 11 सितंबर को थिएटर में दस्तक देने वाली है। फिल्म की कहानी स्कूल के दिनों के दुश्मनों की है जो सालों बाद मिलते हैं। ये फिल्म 11 सितंबर को रिलीज हो रही है।

खबर संक्षेप

अवैध देशी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

हिसार। शहर की 12 क्वार्टर चौकी पुलिस ने महावीर कॉलोनी स्थित गणेश वाटिका के पास से एक व्यक्ति को 16 बोतल अवैध देशी शराब सहित गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी एएसआई राकेश कुमार ने बताया कि पुलिस को चना मिली थी कि महावीर कॉलोनी क्षेत्र में एक व्यक्ति अवैध शराब लेकर घूम रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने गणेश वाटिका के पास कार्रवाई करते हुए प्लास्टिक के कट्टे सहित एक व्यक्ति को काबू किया। पूछताछ में उसने अपना नाम कुंजलाल गार्डन निवासी राहुल बताया।

24 बोतल अवैध शराब सहित एक गिरफ्तार

हिसार। आजाद नगर पुलिस ने उत्तम नगर क्षेत्र से एक आरोपी को 24 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब सहित गिरफ्तार किया है। एएसआई जयप्रकाश ने बताया कि उन्होंने सूचना के आधार पर उत्तम नगर में आरोपी के घर के पास कार्रवाई करते हुए न्यू मॉडल टाउन एक्सटेंशन निवासी अजीत को काबू किया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 24 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई। पुलिस ने शराब को कब्जे में लेकर उस पर आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया।

160 विद्यार्थियों को वितरित की स्टेशनरी

हिसार। जरूरतमंद विद्यार्थियों को पढ़ाई की आवश्यक सामग्री उपलब्ध करवाने और शिक्षा के प्रति उनका उत्साह बढ़ाने के उद्देश्य से 'हमारा प्यार हिसार' ग्रुप की ओर से मंगलवार को राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय, मेला कोठी में स्टेशनरी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के 160 विद्यार्थियों को आवश्यक स्टेशनरी सामग्री वितरित की गई। विद्यालय के प्रिंसिपल समुंद्र सिंह ने 'हमारा प्यार हिसार' ग्रुप के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में एसके गर्ग, डॉ. राजकुमार वर्मा, त्रिलोक बंसल, प्रोफेसर हरीश भाटिया, कमल भाटिया, दिनेश बंसल आदि रहे।

सरेआम सट्टा खाईवाली कर रहा आरोपी काबू

हांसी। जुआ एवं सट्टा खाईवाली के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अपराध शाखा-2 हांसी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को सरेआम सट्टा खाईवाली करते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान ढाणी कुम्हारान निवासी कुलदीप के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से 20,100 रुपये नकद, सट्टा लिखी पर्चियां, कागज और बॉल पेन बरामद किया है।

नश तस्करों ने तोड़ा सीसीटीवी कैमरा

नारनौंद। गांव राजथल में अवैध नशे को रोकने के लिए ग्रामीणों ने दिन और रात ठीकरी पहरा देने के लिए अलग-अलग टीमों का गठन कर दिया है। माने तो गांव पूरी तरह से सील है। कोई भी बाहरी युवक नशा खरीदने के लिए गांव में प्रवेश नहीं कर सकता। ग्रामीणों ने जिस बस्ती में नशे का व्यापार होता है, वहां पर सीसीटीवी कैमरे लगाए थे। रात को नशा तस्करों ने उन कैमरों को तोड़ दिया है लेकिन ग्रामीणों ने दोबारा फिर से बस्ती के चारों तरफ कैमरे लगा दिए हैं। ताकि इस बुराई से गांव को मुक्त किया जा सके।

एडीसी शालिनी चेतल ने ली अधिकारियों की बैठक

हिसार। सेवा का संकल्प अभियान को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी कड़ी में अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल ने मंगलवार को संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर अभियान के तहत आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की तैयारियों की समीक्षा की। अतिरिक्त उपायुक्त ने अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त निगमायुक्त वेद प्रकाश बेनीवाल, जिला परिषद सीईओ सुभाष चंद्र, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

नए नियमों को तुरंत वापस लिया जाए : एचके शर्मा

यूजीसी में नए नियमों का विरोध कई संगठनों ने जताया रोष

सरकार को सभी वर्गों को साथ लेकर चलना चाहिए : विजय ढल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हिसार। नगर के विभिन्न संगठनों की संयुक्त बैठक में उपस्थित लोग। फोटो : हरिभूमि

विभिन्न संगठनों की संयुक्त बैठक न्यू ऋषि नगर स्थित ब्रह्म पाठशाला में भगवान परशुराम जन सेवा समिति के मुख्य संरक्षक एचके शर्मा के सानिध्य में व पंचनद स्मारक ट्रस्ट के अध्यक्ष विजय ढल की अध्यक्षता में हुई। इसमें सरकार द्वारा यूजीसी में लाए गए नए नियमों के विरुद्ध अग्रवाल समाज, राजपूत समाज, पंजाबी समाज, जाट समाज, ब्राह्मण समाज व अन्य सभी समाज के लोगों ने कड़ा विरोध जताया तथा सरकार से पुरजोर मांग की गई कि इस काले कानून को तुरंत प्रभाव से वापिस लिया जाये ताकि समाज में समरसता बनी रहे।

समिति के मुख्य संरक्षक एचके शर्मा ने कहा कि इस मुद्दे पर जंतर-मंतर पर आंदोलन चल रहा है। आंदोलन को पूर्ण समर्थन देते हुए एक कमेटी का गठन किया गया जोकि जंतर मंतर पर जाने की योजना तैयार करेगी। पंचनद स्मारक ट्रस्ट के अध्यक्ष विजय ढल ने कहा कि कोई भी नया कानून लाने से पहले उस पर बारीकी से विचार किया जाना चाहिये ताकि सर्व समाज का भला हो सके। सरकार को भी सभी वर्गों को साथ लेकर चलना चाहिये।

ये रहे उपस्थित

समिति के संस्थापक योगेन्द्र शर्मा, सजग के प्रदेशाध्यक्ष सत्यपाल अग्रवाल, पूर्व कर्मचारी नेता सुरेन्द्र सिंह मलिक, ठाकुर कश्मीर सिंह, ब्राह्मण सभा के जिला प्रधान रतनलाल शर्मा, वी.एल. शर्मा, कुलभूषण शर्मा एडवोकेट, पंजाबी कल्याण मंच के प्रधान इन्द्र शर्मा, राजेश गोयल, राममेहर शास्त्री, सुरेश गोयल, सुरेश शर्मा, प्रदीप बंसल, महेन्द्र शर्मा, वेदप्रकाश, छबीलदास, सत्यवान, विजय कौशिक, राजेन्द्र शर्मा, निखिल शर्मा, बजरंग बली, प्रीतपाल शर्मा, जिले सिंह, आदि उपस्थित रहे।

अनुशासन से बनेगा नया शैक्षणिक परिवेश : अंजू

हिसार। पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्राचार्या डॉ. अंजू चौधरी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

राजगढ़ रोड स्थित गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. अंजू चौधरी ने कहा है कि महाविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। विद्यार्थियों के नियमित अध्ययन, अनुशासन, बहुविषयक शिक्षा और नैतिक मूल्यों के विकास पर विशेष ध्यान देते हुए महाविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को और बेहतर बनाया जाएगा। डॉ. अंजू चौधरी मंगलवार को प्राचार्य कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं। मीडिया इंचार्ज प्रो. मनोज कुमार एवं अन्य स्टाफ सदस्य भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। प्राचार्या ने कहा कि विद्यार्थियों की नियमित कक्षाएं और अकादमिक निरंतरता सुनिश्चित करना प्रत्येक शिक्षक की जिम्मेदारी है। शिक्षण सत्र के दौरान अनावश्यक अवकाश की प्रवृत्ति से बचते हुए विद्यार्थियों की पढ़ाई को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने महाविद्यालय परिसर में अनुशासन और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने पर भी जोर दिया। विद्यार्थियों को पारंपरिक विषयों की सीमाओं से बाहर निकलकर विभिन्न ज्ञान-विषयों को समझने के अवसर उपलब्ध करवाए जाएंगे। साथ ही फ्रेंच, जापानी और जर्मन जैसी विदेशी भाषाओं के अध्ययन को भी प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा, रोजगार और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नए अवसर खुल सकें।

आरपीएस स्कूल की छात्रा ने कराटे में जीता स्वर्ण पदक

हांसी। आरपीएस स्कूल की कक्षा छठी की छात्रा ईशु ने जय भारत मंडल धर्मशाला में 6 सितंबर को आयोजित कराटे प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-12 आयु वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। इसके साथ ही ईशु का चयन स्टेट लेवल प्रतियोगिता के लिए भी हुआ है। प्रतियोगिता के दौरान ईशु ने उत्कृष्ट खेल कौशल, आत्मविश्वास और अनुशासन का परिचय देते हुए शानदार प्रदर्शन किया। उनके प्रदर्शन के आधार पर उन्हें आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया। विद्यालय प्राचार्य एकता ने ईशु को स्वर्ण पदक जीतने और स्टेट लेवल के लिए चयनित होने पर बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि खेल विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने पर सम्मान

हिसार। डीएचबीवीएन बैडमिंटन अकादमी, विद्युत नगर के पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी विजेंद्र और योगेश ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत और हरियाणा का नाम रोशन किया है। दोनों खिलाड़ियों ने ब्राजील और पेरू पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक जीते हैं। विजेंदर ने पेरू पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल 2026 में सिंगल में सिल्वर और डबल में ब्रॉन्ज, जबकि ब्राजील पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल 2026 में सिंगल में गोल्ड और डबल में सिल्वर मेडल जीता है। वहीं योगेश ने पेरू पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल 2026 में सिंगल में गोल्ड और डबल में ब्रॉन्ज तथा ब्राजील पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल में डबल में सिल्वर मेडल जीता है। इस शानदार उपलब्धि पर डीएचबीवीएन के डायरेक्टर प्रोजेक्ट एवं सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, हरियाणा पॉवर स्पोर्ट्स ग्रुप, वीके अग्रवाल ने दोनों खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

होली चाइल्ड के पुनीत ने बास्केटबॉल में जीता सिल्वर

हिसार। होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा 8वीं के प्रतिभाशाली छात्र पुनीत शर्मा ने 51वीं श्रीमती गंगा देवी हरियाणा राज्य स्तरीय सब-जूनियर बास्केटबॉल चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता ताऊ देवी लाल स्टेडियम, पंचकूला में आयोजित की गई जिसमें हरियाणा के विभिन्न जिलों से चयनित खिलाड़ियों ने भाग लिया। पुनीत ने अपनी टीम के लिए बेहतरीन खेल कौशल, आत्मविश्वास और टीम भावना का प्रदर्शन करते हुए महत्वपूर्ण योगदान दिया और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक आर.एस. सिंधु ने पुनीत को इस शानदार उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने पुनीत के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

न्यूज डायरी

फॉरेंसिक विज्ञान की भूमिका से रूबरू हुए विधि विद्यार्थी

हिसार। सीआर लॉ कॉलेज में मंगलवार को 'फॉरेंसिक साइंस इन क्रिमिनल जस्टिस' विषय पर एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को आपराधिक न्याय प्रणाली में फॉरेंसिक विज्ञान की भूमिका, वैज्ञानिक साक्ष्यों के व्यावहारिक उपयोग, क्राइम सीन इन्वेस्टिगेशन और आधुनिक फॉरेंसिक तकनीकों की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने विभिन्न केस स्टडीज के माध्यम से समझाया कि वैज्ञानिक साक्ष्य किस तरह आपराधिक मामलों की जांच से लेकर न्यायिक प्रक्रिया तक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

'यमुना पुत्र अंगद' पूरी तरह से पारिवारिक फिल्म

हिसार। 'यमुना पुत्र अंगद' सिर्फ रेत माफिया की कहानी नहीं है बल्कि यह हरियाणा की मिट्टी, रिश्तों, भाई-बहन के प्यार, दो दोस्तों की दोस्ती और अपनी जमीन से जुड़े रहने के जज्बे की कहानी भी है। यह बात मंगलवार को हिसार पहुंची फिल्म 'यमुना पुत्र अंगद' के कलाकारों की टीम ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। कलाकारों ने कहा कि यह फिल्म पूरी तरह पारिवारिक है। इसे पूरा परिवार एक साथ बैठकर देख सकता है। यह फिल्म हर उम्र के दर्शकों के लिए है। यह फिल्म 1990 के दशक में यमुना क्षेत्र में सक्रिय रेत माफिया की पृष्ठभूमि पर बनी एक एक्शन-थ्रिलर है। फिल्म का निर्माण हुकुम का इक्का प्रोडक्शंस और वेस्टर्न बीट्स के बैनर तले दीप सिसई, नवीन नैन भालसी और सपना चौधरी द्वारा किया गया है।

अवैध कॉलोनियों पर तय समय में करें कार्रवाई : डीसी

हिसार। जिला स्तरीय मासिक चिन्हित अपराध एवं डीटीपी टास्क फोर्स कमेटी की बैठक में उपायुक्त महेंद्र पाल ने कड़ा रुख अपनाया है। मंगलवार को आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले में चिह्नित गंभीर अपराधों, अनुसूचित जाति (एससी) से जुड़े प्रकरणों और अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई में किसी भी तरह की ढिलाई न बरती जाए। उन्होंने सभी लंबित मामलों की नियमित समीक्षा कर उन्हें निर्धारित समय सीमा में निपटाने के आदेश दिए।

राइट टू सर्विस मामलों की निगरानी करेंगे कादियान

हिसार। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम ने उपभोक्ताओं को निर्धारित समय-सीमा में सेवाएं उपलब्ध कराने की व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। निगम ने अधीक्षण अभियंता (आईटी) इंजीनियर विकास कादियान को निगम में राइट टू सर्विस मामलों का नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह की स्वीकृति के बाद इस संबंध में आदेश जारी किए गए हैं। आदेश की प्रतियां हरियाणा राइट टू सर्विस कमीशन, चंडीगढ़ के साथ-साथ निगम के संबंधित मुख्य अभियंताओं, अधीक्षण अभियंताओं, कार्यकारी अभियंताओं एवं अन्य अधिकारियों को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजी गई हैं।

अनाज मंडी में किसानों को मिलेंगी सभी सुविधाएं

नारनौंद। मार्केट कमेटी के प्रांगण में किसान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मार्केट कमेटी के चेयरमैन उदयसिंह लोहान और वाइस चेयरमैन विजेंद्र शर्मा ने की। कार्यक्रम में किसानों तथा मंडी के आढ़तियों की भागीदारी रही। कार्यक्रम में किसानों को सरकारी खरीद तथा विभाग की योजनाओं की जानकारी देते हुए चेयरमैन लोहान ने कहा कि किसान फसलों को मंडी में सुखाकर लेकर आए। गीली फसल मंडी में लाने से आढ़तियों और किसानों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है क्योंकि खरीद एजेंसियां गली फसल को खरीदने में आनाकानी करती हैं।

विद्यार्थियों को मिले 'उत्तम वक्ता' प्रमाण-पत्र

हिसार। दयानंद कॉलेज के अंग्रेजी विभाग की साहित्यिक सोसायटी की ओर से आयोजित दो दिवसीय संचार कौशल कार्यशाला का मंगलवार को समापन हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) विक्रमजीत सिंह के मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन में आयोजित कार्यशाला में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए संचार कौशल को निखारने का प्रशिक्षण प्राप्त किया। समापन अवसर पर उत्कृष्ट वक्तृत्व एवं प्रभावी प्रस्तुतीकरण के लिए विद्यार्थियों को 'उत्तम वक्ता' के प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर हुआ इंटरेक्टिव सत्र

हिसार। राजकीय महिला महाविद्यालय के प्राचार्य सतीश सिंगला की अध्यक्षता में लीगल लिटरेसी सेल की ओर से अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के उपलक्ष्य में एक इंटरेक्टिव सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला से प्राप्त वार्षिक कार्य योजना के अनुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से आयोजित किया गया। इस सत्र का विषय 'शिक्षा का अधिकार, बाल संरक्षण कानून और स्कूल छोड़ चुके बच्चों की पहचान' रहा। अधिवक्ता सोनू रानी व पीएलवी गीता जांगड़ा ने छात्राओं को शिक्षा के अधिकार को मौलिक अधिकार के रूप में, पॉक्सो एक्ट की जानकारी भी दी जानी चाहिए।

समाज की एकजुटता और सेवा के लिए 'सांझी विरासत' का गठन

हिसार। समाज की एकजुटता, सम्मान, सहयोग और सेवा के उद्देश्य से गठित 'सांझी विरासत' की बैठक सेक्टर-14 स्थित पंजाबी भवन में हुई। बैठक की अध्यक्षता ब्रह्म नागपाल ने की, जबकि शहर के मेयर प्रवीण पोपली विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में 'सांझी विरासत' के उद्देश्यों और भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी उपस्थित सदस्यों ने एकमत होकर निर्णय लिया कि इस संस्था को बेहद सहज, सरल और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सभी को साथ लेकर आगे बढ़ाया जाएगा। इसका उद्देश्य किसी व्यक्ति विशेष का मंच बनना नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक भावना और एकजुटता को मजबूत करते हुए जरूरतमंद लोगों के सुख-दुःख में साथ खड़ा होना है। बैठक में 'सांझी विरासत' के चार प्रमुख उद्देश्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया। 'सांझी विरासत' के मार्गदर्शक मंडल में मेयर प्रवीण पोपली, विजय ढल, बलदेव ग्रोवर, देशराज मनचंदा, गौतम नारंग, हंसराज नारंग, ओम प्रकाश मलिक, नरेंद्र चड्ढा, भजन लाल अरोड़ा, मेहर चंद मनचंदा एवं डॉ. चंद्रशेखर को शामिल किया गया है। संस्था की 48 सदस्यीय वर्किंग कमेटी में शम्मी नागपाल, पवन गिरधर, राजेंद्र चुटानी, गुलजार काहलो, सुरेश चावला, विक्रांत धमीजा, शांतनु मलिक, विक्रांत भट्टेजा, रवि भूटानी, वैभव बिदानी, सुभाष नागपाल, अमित धवन, महेश चौधरी आदि रहे।

स्वामी सत्यानंद महाराज ने सत्संग में दिया कर्म और भक्ति का संदेश



हिसार। देवी भवन स्थित गोयंका सेवा सदन में चल रहे विराट संत सम्मेलन के दूसरे दिन भी सोहम पीठाधीश्वर सत्यानंद महाराज के सत्संग में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मंगलवार को अपने सत्संग की शुरुआत करते हुए स्वामी सत्यानंद महाराज ने कहा कि सत्संग सुनना ही काफी नहीं है, सत्संग को जीवन में उतारना भी जरूरी है। अपने सत्संग में महाराज श्री ने कहा कि आज का मनुष्य सत्संग तो सुनता है, लेकिन उस पर अमल नहीं करता। सत्संग का फल तभी मिलता है जब आप अपने कर्मों को शुद्ध करेंगे। अगर आपके कर्म अच्छे हैं, तो सत्संग आपको भगवान से मिला देगा। उन्होंने अपने सत्संग में एक सुंदर दृष्टांत देते हुए कहा कि जैसे बीज को कितना भी अच्छा खाद-पानी दे दो, अगर जमीन ही बंजर है तो फसल नहीं होगी, वैसे ही अगर मन में ईर्ष्या और द्वेष है तो सत्संग का असर नहीं होगा। इस अवसर पर रामकुमार रावलवासिया, इंद्र चंद्र राठी, राकेश गर्ग, शिव कुमार गोयल, रिंकू जैन, अमर गोयल, नरेंद्र शर्मा, मनोज गर्ग, राय सिंह सिहाग, टेक चंद शर्मा, विजय कुमार, प्रीतपाल सर्राफ आदि मौजूद थे।

हकृवि में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन पर संवाद कार्यक्रम

नई शिक्षा नीति का उद्देश्य रोजगार को बढ़ावा देना : काम्बोज

नवाचार, उद्यमिता एवं रोजगार क्षमता में सार्थक परिवर्तन लाना बहुत जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हिसार। कार्यक्रम को संबोधित करते कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 एवं छठी डीन समिति की सिफारिशों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि व भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के अतिरिक्त महानिदेशक (शिक्षा) डॉ. अजीत सिंह यादव कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। कुलपति प्रो. काम्बोज ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का उद्देश्य केवल पाठ्यक्रम में बदलाव करना नहीं, बल्कि शिक्षण-अधिगम, कौशल विकास, अनुभवात्मक शिक्षा, नवाचार, उद्यमिता एवं रोजगार क्षमता में सार्थक परिवर्तन लाना है। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र तेजी से बदल रहा है और विद्यार्थियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ड्रोन, रिमोट सेंसिंग, जीनोमिक्स, जैव प्रौद्योगिकी, सटीक कृषि एवं डिजिटल कृषि जैसी आधुनिक तकनीकों के अनुरूप तैयार करना आवश्यक है।

प्रभावी क्रियान्वयन से सशक्त होगी कृषि शिक्षा

डॉ. अजीत सिंह यादव ने कृषि शिक्षा में अनुभवात्मक एवं कौशल-आधारित शिक्षा को और अधिक सुदृढ़ करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की इंटर्नशिप एवं क्षेत्रीय प्रशिक्षण केवल प्रमाण-पत्र प्राप्त करने की औपचारिकता नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसके माध्यम से विद्यार्थियों को किसानों, किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ), कृषि उद्योगों, अनुसंधान संस्थानों, स्टार्टअप्स एवं उद्यमियों के साथ व्यावहारिक रूप से जुड़ने का अवसर मिलना चाहिए। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आरके गोयल ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. रमेश यादव ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. नरेश कौशिक सहित शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

अवैध पिस्टल सहित पकड़ा युवक

हिसार। सीआईए टीम ने आदमपुर क्षेत्र से एक युवक को 32 बोर के अवैध पिस्टल सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए प्रभारी पीएसआई कर्ण सिंह ने बताया कि एएसआई राममेहर सिंह पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त एवं अपराध की पड़ताल कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस टीम को आरोपी के संबंध में सूचना मिली। सूचना के आधार पर टीम ने कैनाल रेस्ट हाउस, नहर पुल आदमपुर के पास कार्रवाई करते हुए राजस्थान के चुरू जिले के गढ़ी ढ़ाणी निवासी संदीप को काबू किया। पुलिस ने आरोपी की तलाशी ली तो उसके कब्जे से 32 बोर का अवैध पिस्टल बरामद हुआ। उस पर आदमपुर थाना में केस दर्ज कर लिया गया है।

अदालत से पीओ घोषित दो आरोपी गिरफ्तार

हिसार। पुलिस के पीओ स्टाफ ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी एनआईए एक्ट से संबंधित मामलों में अदालत द्वारा पीओ घोषित किए गए थे। पीओ स्टाफ प्रभारी पीएसआई संजीव कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान भूना रोड रतिया निवासी अमृतपाल व शिव कॉलोनी हांसी निवासी रोहित के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपी अदालत के आदेश के बाद से फरार चल रहे थे। पीओ स्टाफ की टीम लगातार उनकी तलाश कर रही थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को काबू कर लिया।

हेरोइन का मुख्य सप्लायर गिरफ्तार

हिसार। पुलिस ने नशे की सप्लाई चेन तक पहुंचते हुए हेरोइन के मामले में मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार किया है। सीआईए मिल गेट टीम ने इससे पहले विश्वकर्मा कॉलोनी से 10 ग्राम 980 मिलीग्राम हेरोइन/चिट्टा सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया था। मामले की आगे की जांच में पुलिस ने नशा उपलब्ध करवाने वाले मुख्य सप्लायर को भी काबू कर लिया। एचटीएम थाना प्रभारी पीएसआई विकास ने बताया कि सीआईए मिल गेट टीम ने विश्वकर्मा कॉलोनी की झुग्गी में रहने वाले पेटवाड़ निवासी राकेश को 10 ग्राम 980 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया था। आरोपी से पूछताछ और जांच को आगे बढ़ाते हुए पुलिस नशे की सप्लाई के स्रोत तक पहुंची। जांच के दौरान पुलिस ने मुख्य सप्लायर पीरांवाली निवासी मेहन्द्र उर्फ बिट्टू को गिरफ्तार कर लिया।

सरस्वती संगीत कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम

हिसार। मुल्तानी चौक स्थित सरस्वती संगीत महाविद्यालय एवं योग केंद्र में शिक्षक दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रतिभा सिंह, सीड सदानंद एवं मनोज बजाज ने शिरकत की। 'संस्कार हमारी पहचान' मंच की अध्यक्ष एवं साहित्यकार अनीता जैन भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं गुरु वंदना के साथ हुआ। विद्यार्थियों ने गुरुजनों के सम्मान में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया।

हिसार में बाढ़ प्रभावित मुख्य मार्गों की होगी विशेष मरम्मत

हिसार-बालसमंद रोड की मरम्मत पर खर्च किए जाएंगे 9.87 करोड़

लाडवा-सुल्तानपुर मार्ग की मरम्मत पर खर्च होंगे 86.46 लाख रुपये

■ ग्रामीण एवं प्रमुख संपर्क मार्गों को बेहतर बनाना सरकार का उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

बाढ़ से प्रभावित हिसार-बालसमंद रोड की विशेष मरम्मत का रास्ता साफ हो गया है। सडक़ की विशेष मरम्मत के लिए लगभग 9.87 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को हरियाणा सरकार ने मंजूरी दे दी है। लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने बताया कि हिसार-बालसमंद रोड के हिस्से की विशेष मरम्मत के लिए तैयार प्रस्ताव में 987.07 लाख रुपए की प्रशासनिक मंजूरी मिल गई है।

बाढ़ से प्रभावित लाडवा से सुल्तानपुर मार्ग की भी विशेष मरम्मत करवाई जाएगी। इस कार्य के लिए 86.46 लाख रुपए की प्रशासनिक मंजूरी मिल गई है। लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने बताया कि यह सडक़ बाढ़ के कारण प्रभावित हुई थी, जिसके चलते इसकी विशेष मरम्मत का निर्णय लिया गया है, ताकि क्षेत्र के लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य ग्रामीण एवं प्रमुख संपर्क मार्गों को बेहतर बनाना है। सडक़ें किसी भी क्षेत्र के विकास की महत्वपूर्ण कड़ी हैं, इसलिए क्षतिग्रस्त सडक़ों की प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत करवाई जा रही है।

गुणवत्ता से समझौता नहीं, समय पर काम पूरा करने के दिए निर्देश

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वीकृत कार्यों को निर्धारित गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा किया जाए, ताकि लोगों को आवागमन में राहत मिल सके। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि हिसार सहित पूरे प्रदेश में बाढ़ से प्रभावित सडक़ों की मरम्मत सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मजबूत और बेहतर सडक़ नेटवर्क से लोगों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र के विकास को भी गति मिलेगी। कैबिनेट मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को कार्य में गुणवत्ता बनाए रखने और इसे निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश भी दिए हैं।

नारनौंद बार प्रधान के लिए पांच, व तीन पदों के लिए सिर्फ एक-एक नामांकन

नामांकन के आखिरी दिन भी बार काउंसलिंग से नहीं पहुंची लिस्ट

नारनौंद। नारनौंद बार एसोसिएशन की तरफ से बार एसोसिएशन के चुनाव के लिए नामांकन के लिए आखिरी दिन पांच उम्मीदवारों ने प्रधान पद के लिए अपना नामांकन किया। दो पद महिलाओं के लिए आरक्षित किए गए थे। उनमें सिर्फ एक-एक महिला ही उम्मीदवार नामांकन भरा। देर शाम तक पंजाब एंड हरियाणा बार काउंसलिंग से लिस्ट का इंतजार रहा लेकिन लिस्ट जारी नहीं की गई। अगर नई लिस्ट आ जाती हैं तो उसमें जितने भी नए वोट जुड़ेंगे वह सभी अपने मत का प्रयोग कर सकेंगे। 11 सितंबर को मतदान और उसी दिन परिणाम घोषित होगा। नारनौंद बार एसोसिएशन के चुनाव अधिकारी कुलदीप भाटिवाल और एआरओ जयवीर सैनी ने बताया कि प्रधान पद के लिए एडवोकेट दीपक लोहान, अर्जुन ढांडा, बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान ज्ञान प्रकाश लोहान, प्रदीप लोहान, कुलदीप सिंह अहलावत ने अपने नामांकन भरे हैं। उप प्रधान महिला पद के लिए आरक्षित था। इसमें सुमेश देवी पवार ने ही नामांकन दाखिल किया है। सचिव के लिए गौरव लोहान और अमित बंसल ने नामांकन भरा है। सहसचिव का पद भी महिला के लिए आरक्षित था। इसमें भी सिर्फ एक महिला प्रत्याशी पूनम दुहन ने नामांकन दाखिल किया है। कोषाध्यक्ष के लिए सन्नी वर्मा और लाइब्रेरियन के लिए राहुल कुमार खुराना ने नामांकन दाखिल किया है।

ट्यूबवेल की केबल चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

मच्छी मार्केट व सेक्टर 16-17 की झुग्गियों में रहते हैं आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

आजाद नगर पुलिस ने ट्यूबवेल से बिजली की केबल चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरीशुदा ट्यूबवेल केबल और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सेक्टर 16-17 की झुग्गियों में रहने वाले यूपी के बदायूं निवासी राजपाल उर्फ राजा, हिसार की मच्छी मार्केट निवासी नीरज व सेक्टर 16-17 की झुग्गी निवासी सुमन कुमार के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार गांव डाबड़ा निवासी सतबीर ने थाना आजाद नगर में शिकायत दी थी कि 6 सितंबर को वह अपने खेत पर गया तो एक व्यक्ति ट्यूबवेल की बिजली की केबल काट रहा था। उसने आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया, जबकि उसके दो साथी मोटरसाइकिल पर सवार होकर फरार हो गए। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपियों ने पास के ही सुभाष निवासी गांव डाबड़ा के खेत से भी ट्यूबवेल की बिजली की तार काटकर एक कट्टे में भर रखी थी। पुलिस ने मौके से चोरीशुदा तार बरामद कर ली। इसके बाद पुलिस ने आरोपी राजपाल उर्फ राजा को गिरफ्तार किया और पूछताछ के आधार पर वारदात में शामिल उसके फरार दोनों साथियों नीरज और सुमन कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर चोरी की अन्य वारदातों के संबंध में जानकारी जुटा रही है।

उकलाना में घर से सामान चुराने का आरोपी गिरफ्तार

हिसार। उकलाना पुलिस ने घर में हुई चोरी के मामले का चंद घंटों में खुलासा करते हुए एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा पीतल की टोकणी बरामद की है।गिरफ्तार आरोपी की पहचान शास्त्री नगर उकलाना निवासी कमल के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार इस संबंध में उकलाना के आदेश नगर निवासी पवन शर्मा ने शिकायत दी थी कि पांच सितंबर को वह अपने परिवार के साथ बाहर गया हुआ था। पीछे से चोर मकान का ताला तोड़कर पीतल की परात, पीतल की टोकणी, गेहूं का कट्टा और अन्य बर्तन चोरी कर ले गए। मामले की जांच करते हुए एएसआई सुभाष चंद ने एक आरोपी संदीप उर्फ नोनी को काबू कर उससे पूछताछ की। पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने कमल को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपी कमल के कब्जे से चोरीशुदा पीतल की टोकणी बरामद की गई। पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है।

अग्रोहा टीले की खुदाई बंद होने पर वैश्य समाज के लोगों में नाराजगी : बजरंग गर्ग

अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। बैठक में अग्रोहा टीले की खुदाई का काम बंद होने पर गहरी चिंता जताते हुए सरकार से इसे तुरंत शुरू करवाने और खुदाई में तेजी लाने की मांग की गई। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार द्वारा अग्रोहा टीले की खुदाई बंद किए जाने से वैश्य समाज में भारी नाराजगी है। उन्होंने कहा कि पहले भी खुदाई का काम बेहद धीमी गति से चल रहा था। कई बार खुदाई के बजाय टीले की झाड़ियों की कटाई पर अधिक ध्यान दिया जाता है। लंबे समय तक खुदाई बंद रहने से दोबारा झाड़ियां उग आती हैं, जिससे ऐतिहासिक स्थल पर काम प्रभावित होता है। इस अवसर पर बजरंग गर्ग ने विभिन्न स्थानों से आए अतिथियों एवं प्रतिनिधियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में दीपक गुप्ता पानीपत, नरेंद्र गुप्ता पिलखुआ, अमित गर्ग गंगानगर, महेंद्र टाटीय भटिंडा, संजय मित्तल गुड़गांव, सोनल अग्रवाल दिल्ली, नितिन बंसल सहारनपुर, अरुण अग्रवाल उड़ीसा, रतन अग्रवाल रायगढ़, विनोद गोयल रसोल, सिद्धार्थ गोयल बैंगलोर, रामकुमार अग्रवाल मथुरा, रुद्राक्ष जिंदल जयपुर, सुभाष गोयल वाराणसी, ऋषि राज गर्ग, पवन गर्ग, आनंद गोयल व राजेंद्र बंसल हिसार, महेंद्र गोयल भूना, ब्रह्मानंद गोयल भट्टू और अनिल सर्राफ सिरसा सहित अनेक प्रतिनिधि मौजूद रहे।

आर्य समाज की गतिविधियां नई पीढ़ी में संस्कार निर्माण का सशक्त जरिया

वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद की मासिक बैठक में श्रावणी उपाकर्म में सदस्यों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद की मासिक बैठक आर्य समाज परिसर में हुई। बैठक के दौरान परिषद के सदस्यों ने आर्य समाज द्वारा आयोजित श्रावणी उपाकर्म कार्यक्रम में भाग लिया और वैदिक परंपराओं एवं संस्कारों से जुड़े इस आयोजन की सराहना की। इस अवसर पर परिषद सदस्यों ने समाजहित में आर्य समाज द्वारा किए जा रहे सामाजिक, धार्मिक एवं वैदिक कार्यों की प्रशंसा की। परिषद के प्रधान रमेश सैनी ने आर्य समाज की कार्यकारिणी एवं आयोजन से जुड़े पदाधिकारियों और सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर स्वामी आर्यवेश, भजन गायिका एवं उपदेशक बहन संगीता आर्य तथा आर्य समाज संयोजक चौधरी बदलू राम को परिषद की ओर से प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। परिषद के संयोजक दुष्यन्त बादल ने कहा कि आर्य समाज की ऐसी गतिविधियां नई पीढ़ी को संस्कारों, वैदिक विचारधारा और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य कर रही हैं। इस बैठक में जवाहरलाल, भगवान दास, भगत सिंह, बलबीर सिंह, पीएस चैहान, ईश्वर सिंह, मामन राम, मांगे राम, कृष्ण कुमार, कुलबीर सिंह सहित अनेक सेवानिवृत कर्मचारी शामिल हुए।

साइबर ठगी का आरोपी गिरफ्तार, 80 हजार रुपये बरामद

हांसी। साइबर थाना हांसी पुलिस ने बैंक खाते से लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गुजरात के सूरत सिटी स्थित शारदा दीप सोसायटी निवासी पटेल निकुंज कनजी भाई के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से ठगी गई रकम में से 80 हजार रुपये बरामद किए हैं।

जांच अधिकारी उपनिरीक्षक सज्जन कुमार ने बताया कि हांसी निवासी रविंद्र कुमार ने साइबर थाना में शिकायत देकर बताया था कि उनके बैंक खाते से अलग-अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से कुल 2,88,046 रुपये की धोखाधड़ी की गई। खाते से रकम कटने की जानकारी शिकायतकर्ता को ई-मेल के माध्यम से मिली, जिसके बाद उन्होंने साइबर क्राइम पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाई। शिकायत के आधार पर साइबर थाना हांसी में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस टीम ने बैंकिंग ट्रांजेक्शन, तकनीकी साक्ष्यों और अन्य महत्वपूर्ण तथ्यों की जांच करते हुए आरोपी की पहचान की और उसे गिरफ्तार कर लिया।

फिजियोथेरेपी आधुनिक चिकित्सा पद्धति का महत्त्वपूर्ण स्तंभ : डॉ. पुनीत गोयल

ओम मेडिकल सेंटर व ओएसजीयू में नि:शुल्क शिविर लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के अवसर पर ओम मेडिकल सेंटर तथा ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय के फिजियोथेरेपी विभाग के संयुक्त तत्त्वावधान में एक दिवसीय नि:शुल्क फिजियोथेरेपी कैंप का आयोजन किया गया। इस वर्ष कार्यक्रम की मुख्य थीम कार्डियोवस्कुलर डिजीज एंड स्ट्रोक रखी गई, जिसका प्राथमिक उद्देश्य हृदय रोगों और स्ट्रोक से बचाव, पुनर्वास और इसके प्रबंधन में फिजियोथेरेपी की भूमिका के प्रति आम जनमानस को जागरूक करना था। विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल तथा प्रो-चांसलर डॉ. पूनम गोयल ने अपने बधाई संदेश में कहा कि फिजियोथेरेपी आधुनिक चिकित्सा पद्धति का एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण स्तंभ है। यह न केवल गंभीर बीमारियों के बाद व्यक्ति को सामान्य जीवन में लौटने में मदद करती है, बल्कि जीवन की गुणवत्ता को भी सुधारती है।

मुफ्त परामर्श व फिजियोथेरेपी का लाभ उठाया

कैंप का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एन. पी.कौशिक की उपस्थिति में हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों, मरीजों व विद्यार्थियों ने पहुंचकर नि:शुल्क परामर्श व फिजियोथेरेपी जांच का लाभ उठाया। कुलपति डॉ. कौशिक एवं ग्रुप सीओओ एवं प्रोवोस्ट डॉ. अजय कुमार पोद्दार ने अपने संदेश में कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन समय की मांग है। इस कार्यक्रम के दौरान जीजेयू के एसोसिएट प्रो. डॉ. कालिंदी ने मुख्य वक्ता के रूप में शिकरत की।

अग्रोहा में हुई रचनात्मक गतिविधियां

हिसार। महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज, अग्रोहा में फिजियोथेरेपी दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों में स्वास्थ्य एवं फिजियोथेरेपी के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से

विभिन्न रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियां हुईं। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वास्थ्य एवं फिजियोथेरेपी के प्रति जागरूकता, रंगोली, रील्स, क्विजव विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता, प्रतिभा और फिजियोथेरेपी से जुड़े महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संदेशों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डॉ. आशुतोष शर्मा, निदेशक पैरामेडिकल, ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। डॉ. पवन अग्रवाल, प्राचार्य, कॉलेज ऑफ फिजियोथेरेपी, ने भी विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की।

एसआईआर के तहत 12, 13, 26 व 27 को चलेगा विशेष अभियान

हांसी। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के तहत पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने, विवरण में आवश्यक संशोधन करवाने तथा मतदाता सूची से संबंधित दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करने के लिए जिले में चार विशेष अभियान तिथियां निर्धारित की गई हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 12, 13, 26 एवं 27 सितंबर को जिले के सभी मतदान केंद्रों पर विशेष अभियान चलाया जाएगा। इन तिथियां को शनिवार तथा रविवार है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि विशेष अभियान के दौरान सभी संबंधित बूथ लेवल अधिकारी सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक अपने-अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहेंगे।

इस दौरान पात्र नागरिक मतदाता सूची का अवलोकन कर सकेंगे तथा नाम दर्ज करवाने, नाम एवं अन्य विवरण में संशोधन करवाने अथवा मतदाता सूची से संबंधित किसी प्रकार की त्रुटि या आपत्ति के संबंध में निर्धारित प्रक्रिया के तहत दावे एवं आपत्तियां बीएलओ के समक्ष प्रस्तुत कर सकेंगे।

अग्रवाल महिला सम्मेलन की बैठक में किया मेले की तैयारियों पर मंथन

हिसार। अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन, जिला इकाई की कार्यकारिणी बैठक यहां हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान एकता गर्ग तथा जिला महामंत्री प्रेम अग्रवाल ने की। बैठक में आगामी 23 अक्टूबर को आयोजित होने वाले 'दीवाली एवं करवा चौथ स्पेशल भव्य महोत्सव' की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को आकर्षक एवं यादगार बनाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया। मेले में आयोजित होने वाली सांस्कृतिक एवं मनोरंजक प्रतियोगिताओं, महिलाओं के लिए लगाए जाने वाले आकर्षक स्टॉल, सुरक्षा व्यवस्था तथा आगंतुकों के लिए पुरस्कार एवं उपहार वितरण की रूपरेखा पर चर्चा हुई। जिला प्रधान एकता गर्ग ने कहा कि 23 अक्टूबर का आयोजन महिलाओं के लिए विशेष रहेगा। महोत्सव के माध्यम से महिलाओं को अपनी प्रतिभा एवं हुनर प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा तथा सभी मिलकर दीवाली और करवा चौथ की खुशियां साझा करेंगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

कवायद | पराली जलाने पर प्रशासन सख्त

हर गांव पर नजर रखेगी 'पराली प्रोटेक्शन फोर्स'

सैटेलाइट लोकेशन व देर शाम विशेष गश्त के जरिए की जाएगी निगरानी

■ राजस्व, कृषि, पुलिस और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की संयुक्त 'पराली प्रोटेक्शन फोर्स' तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

खरीफ सीजन-2026 के दौरान धान की पराली जलाने की घटनाओं को पूरी तरह रोकने और पर्यावरण संरक्षण के लिए हिसार जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। उपायुक्त राहुल नरवाल ने ग्राम स्तर से लेकर जिला स्तर तक विशेष कमेटियों का गठन करते हुए अधिकारियों को फसल अवशेष प्रबंधन पर पैनी नजर रखने और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर तत्काल कार्रवाई के आदेश जारी किए हैं।

चार विभागों के अधिकारी शामिल

प्रशासन ने निगरानी के लिए 'पराली प्रोटेक्शन फोर्स' को मैदान में उतारा है। इसमें प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, राजस्व, कृषि, पंचायत और पुलिस विभाग के अधिकारियों को शामिल किया गया है। उपायुक्त ने बताया कि अक्सर देर शाम के समय पराली जलाने की शिकायतें सामने आती हैं, इसलिए इस समय विशेष गश्ती टीमें ग्रामीण इलाकों में मुस्तैद रहेंगी। सैटेलाइट से मिलने वाले इनपुट्स और धरातल पर मिली सूचनाओं के आधार पर तुरंत सख्त कदम उठाए जाएंगे।

गांव से लेकर जिला स्तर तक तय हुई जिम्मेदारी

जिला स्तर पर डीआरओ, डीडीपीओ, कृषि विभाग के उपनिदेशक, सहायक कृषि अभियंता और पॉल्यूशन बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी, उप-मंडल व ब्लॉक स्तर पर संबंधित एसडीएम, डीएसपी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार और बीडीपीओ, गांव स्तर पर कृषि विकास अधिकारी, पटवारी, पंचायत सचिव, सरपंच और नंबरदार तथा इमरजेंसी रिस्पॉन्स पर त्वरित कार्रवाई के लिए थाना प्रभारी और दमकल केंद्र के प्रभारियों को भी विशेष गश्ती टीमों से जोड़ा गया है।

वैज्ञानिक तरीकों से करें प्रबंधन : डीसी

किसान पराली न जलाएं, आग लगाने से वायु प्रदूषण तो बढ़ता ही है, खेत उर्वरा शक्ति भी नष्ट होती है। अधिकारी नियमों की सख्ती से पालना के साथ किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन की आधुनिक तकनीकों के प्रति जागरूक करें। **-राहुल नरवाल,** डीसी

डॉ. रजत बने लुवास के नए अनुसंधान निदेशक

हिसार। लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) में अनुसंधान गतिविधियों को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से डॉ. रजत गर्ग को विश्वविद्यालय का नया अनुसंधान निदेशक नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति विश्वविद्यालय के बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट की 36वीं बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन में कुलपति द्वारा की गई है। डॉ. रजत गर्ग वर्तमान में इंडियन वेटरिनरी रिसर्च इंस्टीट्यूट, इज्जतनगर, बरेली के डिवीजन ऑफ वेटरिनरी पैरासिटोलॉजी में प्रिंसिपल साइंटिस्ट के पद पर कार्यरत हैं। उन्हें पशु चिकित्सा विज्ञान एवं अनुसंधान के क्षेत्र में व्यापक शैक्षणिक और वैज्ञानिक अनुभव प्राप्त है। उनका शोध कार्य मुख्य रूप से पशु चिकित्सा परजीवी विज्ञान, परजीवी एवं जूनोटिक रोगों, रोग निदान, आणविक तकनीकों, संक्रमण, प्रतिरक्षा विज्ञान तथा संक्रामक रोगों की महामारी विज्ञान पर केंद्रित रहा है।

जिंदल स्टेनलेस ने जापानी दिग्गज जेएफई स्टील के साथ मिलाया हाथ

फेरिटिक स्टेनलेस स्टील ग्रेड का बढ़ेगा उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

भारत की प्रमुख स्टेनलेस स्टील निर्माता कंपनी 'जिंदल स्टेनलेस' ने दुनिया की दिग्गज स्टील उत्पादक कंपनियों में शामिल जापान की 'जेएफई स्टील कॉरपोरेशन' के साथ एक महत्वपूर्ण तकनीकी सहायता समझौता किया है। इस साझेदारी का मुख्य उद्देश्य चुनिंदा फेरिटिक स्टेनलेस स्टील ग्रेड के लिए कंपनी की विनिर्माण क्षमताओं, उत्पाद की गुणवत्ता और प्रक्रिया दक्षता (प्रोसेस एफिशिएंसी) को वैश्विक स्तर पर मजबूत करना है।विश्वभर में ऑटोमोबाइल, बुनियादी ढांचे, रेलवे, प्रसंस्करण उद्योग (प्रोसेसिंग इंडस्ट्री) और रसोई के उपकरणों में स्टेनलेस स्टील का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। जंगरोधी क्षमता, लंबा जीवनचक्र और कम रखरखाव लागत के कारण फेरिटिक स्टेनलेस स्टील की मांग में अगले दशक के दौरान भारी बढ़ोतरी का अनुमान है। जापानी कंपनी जेएफई स्टील अपने दशकों के अनुभव के आधार पर जिंदल स्टेनलेस को गुणवत्ता और विनिर्माण तकनीक में तकनीकी सहयोग प्रदान करेगी।

भविष्य की जरूरतें पूरा करेगी यह साझेदारी

जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने कहा कि विनिर्माण क्षेत्र का भविष्य ऐसी सामग्रियों पर टिका है जो किफायती होने के साथ-साथ लंबे समय तक टिकें। जेएफई स्टील के साथ हुए इस समझौते से हमारी तकनीकी क्षमताओं में विस्तार होगा। इससे हमारे कर्मचारियों और विनिर्माण प्रक्रियाओं को मजबूती मिलेगी, जिसका सीधा लाभ हमारे ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों के रूप में मिलेगा।